कहानी -लेखन के प्रकार -

1

कहानी तीन प्रकार से लिखी जा सकती है-

(क) चित्रों के आधार पर।

(ख) शीर्षक के आधार पर।

(ग) संकेत बिंदुओं के आधार पर।

10. ट्रैफिक लाइट की कहानी awesome short Kahani lekhan in Hindi

एक बार, एक सीफी नामक ट्रैफिक लाइट थी। सीफी अपनी हरी, लाल और पीली पलकें झपकाती हुई उदास खड़ी थी। उसने आह भरते हुए कहा-'मुझे कोई नहीं चाहता, न ही मुझे कोई पसंद करता है।"

लेकिन वह लोगों को अपनी तरफ देखते हुए देखकर वह खुश होती थी, जब लोग उसकी लाईट के हरे होने का इंतज़ार करते थे। वह खुश होती थी, जब बच्चे उसकी ओर ध्यान देते थे।

वे कारों की खिड़कियों से झांककर उसकी ओर तब तक देखते थे, जब तक कि वह हरी नहीं हो जाती थी। एक दिन की बात है, ट्रैफिक लाइट खराब हो गई। वह रंग नहीं बदल पा रही थी। सभी गाड़ियाँ फँस गई थीं,

और हिल नहीं पा रही थीं। तभी दो आदमी उसे ठीक करने के लिए आए। उनमें से एक ने कहा- "इस ट्रेफिक जाम को तो देखो। हमें इसे जल्दी से ठीक करना पड़ेगा।" यह सुनकर ट्रेफिक लाईट को अपना महत्व पता चला।